# मॉरिस एक काउबॉय



बी. वाइज़मैन


हिंदी: छाया भदौरिया

# मॉरिस एक काउबॉय



बी. वाइज़मैन

हिंदी: छाया भदौरिया



## सूची

मॉरिस एक पुलिसकर्मी
मॉरिस एक काउबॉय
मॉरिस एक आया





# मॉरिस एक पुलिसकर्मी




मॉरिस हिरन एक पुलिसकर्मी बनना चाहता था। इसलिए वह पुलिस के प्रमुख से मिलने गया।



"क्या मैं पुलिसकर्मी बन सकता हूँ?"
मॉरिस ने पूछा।
पुलिस प्रमुख हँसा। “तुम तो हिरन हो,
लेकिन फिर भी मैं तुम्हें कोशिश करने का
एक मौका दूँगा।



उसने मॉरिस को एक पुलिस कोट,
टोपी, एक बैज़ और एक सीटी दे दी।



मॉरिस ने टोपी अपने सींग पर लगा ली। पुलिस प्रमुख ने कहा, "नहीं! इसे अपने सिर पर लगाओ।"



मॉरिस ने टोपी अपने सिर पर लगा ली और सीटी को अपने सींग पर लटका दिया!

फिर वह काम पर चला गया। उसने अपना खुर ऊपर उठाया और सीटी बजाकर कहा, "रुको!" फिर उसने अपने खुर को ऊपर उठाकर इशारा किया और सीटी बजाकर कहा, "जाओ!" वह दिन भर सीटी बजाते हुए यही काम करता रहा।





अगली सुबह इतनी जमकर बारिश हुई
कि मॉरिस को रेनकोट पहनना पड़ा।

बारिश के कारण जगह-जगह बड़े-बड़े
गड्ढे हो गए और वे पोखर में तब्दील
हो गए। मॉरिस ने बच्चों को अपनी
पीठ पर बैठाकर पोखर को पार कराया
जिससे उनके पैर गीले होने से बच गए।







पुलिस प्रमुख ने मॉरिस को सवारी के लिए एक पुलिस घोड़ा दे दिया। घोड़े ने कहा, "जी, आप हिरन हैं!"



"जी हाँ," मॉरिस ने कहा, "और मैं बहुत भारी हूँ! मैं पैदल ही चलूँगा ताकि आप थकें नहीं।"



वे फल की दुकान तक पैदल गए।
फल वाले ने उन दोनों को एक-एक
सेब दिया।



फिर वे पार्क की ओर चले गए।
घोड़े ने ज़ेबरा से बातें की।
मॉरिस ने एक दूसरे हिरन को
हैलो कहा।



कुछ लोगों ने मॉरिस को मूँगफली खिलाई। उन्होंने कहा, ''पुलिसवालों के प्रति आपका व्यवहार बहुत अच्छा है।''






मॉरिस ने कहा, "घास से दूर रहिए।" और इस तरह उसने घास को साफ़ बनाए रखा।




मॉरिस को साफ़-सुथरी घास खाना जो पसंद था।

मॉरिस और घोड़े ने एक टट्टू को सवारी कराते हुए देखा। मूस ने कहा, "मैं शर्त लगाकर कहता हूँ कि उसे कभी आराम नहीं मिलता होगा!"





मॉरिस और घोड़े ने बच्चों को सवारी कराना शुरू किया और इस तरह टट्टू को कुछ आराम करने का मौका दिया।



एक छोटा लड़का चिल्लाया, "यिप्पी!!! मैं एक काउबॉय हूँ!"

"वह क्या है?" मॉरिस ने पूछा।



उस लड़के ने मॉरिस को काउबॉय के बारे में बताया। काउबॉय, गाय और पश्चिम के बारे में। यह सुनकर मॉरिस ने कहा। “मैं पश्चिम जा रहा हूँ!” सुनने से लगता है कि यह कुछ अच्छा ही होगा।



## मॉरिस एक काउबॉय

मॉरिस बहुत जल्दी में था। वह पूरे रास्ते दौड़ता रहा। जब वह पश्चिम में पहुँचा तो वह ज़ोर-से हाँफ़ रहा था।

मॉरिस ने दो काउबॉय को देखा। उसने कहा, मैं भी काउबॉय बनना चाहता हूँ। वे हँस पड़े। तुम तो एक हिरन हो, लेकिन फिर भी हम तुम्हें कोशिश करने का एक मौका देंगे।

उन्होंने मॉरिस को एक काउबॉय का सूट, एक टोपी और एक बड़ा सफेद काउबॉय का घोड़ा दे दिया।



जैसे ही मॉरिस घोड़े पर चढा, घोड़ा बिदक गया। मॉरिस ज़ोर-से चिल्लाया, यिप्पी!!!





मॉरिस ने घोड़े से कहा, "क्या तुम मेरी सवारी करना चाहोगे?" और घोड़ा मॉरिस के ऊपर चढ़ गया। मॉरिस ने अपने आप को बहुत सँभालने की कोशिश की लेकिन वह नहीं सँभल पाया और दोनों ही लुढ़क गए। घोड़ा चिल्लाया, यिप्पी!!"





तब मॉरिस ने एक गाय को अपने वश में करने की कोशिश की। उसने कमंद को अपने सिर के चारों ओर घुमाया।



लेकिन कमंद उसके सींगों में अटक गया और मॉरिस ने खुद को ही घायल कर लिया!

उस रात मॉरिस ने गायों को गाना गाकर सुलाने की कोशिश की।

लेकिन हिरन की आवाज़ कार के हॉर्न की तरह आ रही थी जिससे गायें सो नहीं सकीं! घोड़ों ने सभी के कान में अपना खुर डाला!





मॉरिस ने इतना गाना गाया कि वह बुरी तरह से थक गया और सो गया! फिर घोड़ों और गायों का भी यही हाल हुआ।



सुबह-सुबह सभी चरवाहे नहाए। आखिर में मॉरिस ही बचा था। उसका नहाना अभी बाकी था।



एक इंडियन ने मॉरिस को देखा। उसने कहा,

“ये क्या?”

हिरन ज़ोर से हँसा।

“हा, हा! तुम्हारे सींग बड़े अजीब हैं"



इंडियन हँसा।

“तुम्हारे सिर के पंख तो बड़े अजीब हैं!”

इंडियन मॉरिस को एक भारतीय शिविर में ले गया। हिरन ने चारों ओर देखा। "हा, हा! तुम तो एक बड़ी आइसक्रीम कोन के अंदर रहते हो!"



जब बहुत ही देर हो गई तो मॉरिस वापिस काउबॉय के पास जाने लगा। वापस जाते समय रास्ते में उसने एक हिरन देखा। वह उसे हैलो कहने के लिए दौड़ा।





लेकिन यह हिरन नहीं था. यह तो एक कैक्टस था! फिर भी मॉरिस ने उससे कहा, "हैलो!"



"बात करना भी मजेदार है!" मॉरिस हँसा।
"मैं शहर जाकर खूब बातें करके नौकरी ढूँढ़ ही लूँगा।"

## मॉरिस एक आया




जब मॉरिस शहर पहुँचा, तो उसने एक विज्ञापन देखा। जिस पर लिखा था, एक आया की ज़रूरत है।

मॉरिस ने कहा, यह मेरे लिए अच्छा काम है। मैं कहानियाँ सुना सकता हूँ।

उसने दरवाज़ा खटखटाया। जैसे ही महिला ने दरवाज़ा खोला, उसने कहा, "मैं बच्चों की देखभाल करने वाली आया बनना चाहता हूँ!" महिला हँसी। “तुम तो एक हिरन हो, लेकिन फिर भी मैं तुम्हें कोशिश करने का एक मौका दूँगी। अंदर आओ।“

"यह हमारा लड़का है, हर्बर्ट।" मॉरिस ने कहा, "हैलो, हर्बर्ट," हर्बर्ट ने पूछा, क्या आप काउबॉय हैं? मॉरिस ने कहा, "हाँ बहुत पहले था!"







फिर वह महिला और उसका पति दोनों चले गए। मॉरिस और हर्बर्ट ने उन्हें हाथ हिलाकर अलविदा कहा।

मॉरिस ने कहा, "हर्बर्ट, अब सोने का समय हो गया है। अपना पजामा पहन लो। क्या तुम अपने आप इसे पहन सकते हो?"

हर्बर्ट ने कहा, "हाँ।"

लेकिन मॉरिस ने फिर भी उसकी मदद करने की कोशिश की। वह जल्दी में था क्योंकि वह हर्बर्ट को एक कहानी सुनाना चाहता था।





मॉरिस ने पजामा हर्बर्ट के सिर पर पहना दिया! देखते ही मॉरिस चिल्लाया। "अरे बेटा, तुम तो उल्टे खड़े हो गए!"



हर्बर्ट ने स्वयं पजामा पहन लिया। वह बिस्तर पर लेट गया और बोला, “अब मुझे एक कहानी सुनाओ, मुझे लिटिल रेड राइडिंग हूड के बारे में बताओ।“

"ठीक है," मॉरिस ने कहा, "एक बार रेड राइडिंग हूड नाम का एक छोटा लड़का था! “नहीं, हर्बर्ट चिल्लाया, वह एक छोटी लड़की थी।"



"अरे हाँ," मॉरिस ने कहा, "एक बार रेड राइडिंग हूड नाम की एक छोटी लड़की थी! ठीक है, हर्बर्ट, वह छोटी लड़की अपने दादा जी से मिलने गई थी..........।“



हर्बर्ट ने अपना सिर हिलाकर कहा "नहीं! वह अपनी दादी जी से मिलने गई थी!



अरे हाँ, उसकी दादी! मॉरिस हँसा। "अच्छा, एक दिन यह छोटा लड़का अपनी दादी से मिलने गया..."

हर्बर्ट फिर से चिल्लाया। "यह एक लड़की थी!" "मुझे पता है दादी लड़कियाँ हैं!" मॉरिस ने कहा।

हर्बर्ट ने फिर से अपना सिर हिलाया। नहीं! वह छोटा लड़का एक लड़की था!" "एक छोटा लड़का लड़की कैसे हो सकता है?"

मॉरिस ने पूछा।

हर्बर्ट ने आह भरते हुए कहा, "कहानी में वह एक लड़की थी!"

"ओह, ठीक है..." मॉरिस ने कहा। और फिर उसने कहानी को आगे बढ़ाया।



"ठीक है, यह एक छोटी लड़की जो दादी थी, एक छोटे लड़के से मिलने गई..."

"नहीं, नहीं, नहीं!" हर्बर्ट रोने लगा।

"रेड राइडिंग हूड नाम की एक छोटी लड़की अपनी दादी से मिलने गई!"

"ओह, हाँ," मॉरिस ने कहा। "ठीक है, वह वहाँ पहुँची और उसे बिस्तर में एक लोमड़ी मिली।"

"लोमड़ी एक भेड़िया थी!" हर्बर्ट चिल्लाया।

"एक लोमड़ी भेड़िया कैसे हो सकती है?"

मॉरिस ने पूछा। हर्बर्ट ने कहा, "कहानी में यह एक भेड़िया था! आप देखिए, यह कैसे हुआ... इस भेड़िये ने विश्वास दिलाया कि वह दादी थी..." मॉरिस ने कहा, "और फिर?"

"फिर," हर्वर्ट ने आगे कहा, "रेड राइडिंग हूड नाम की छोटी लड़की अपनी दादी से मिलने गई थी। जब उसने भेड़िये को देखा, उसने कहा, "दादी, आपकी आँखें कितनी बड़ी हैं!"

मॉरिस ने पूछा, "और भेड़िये ने क्या कहा?

हर्बर्ट ने उससे कहा। उसने उसे सारी कहानी बताई। जब उसकी बात ख़त्म हो गई तो मॉरिस ने कहा, "तुम्हें ये कहानी कैसी लगी जो अभी-अभी मैंने तुम्हें सुनाई?"

"वह कहानी जो तुमने मुझे सुनाई?" हर्बर्ट हँसा।







"हाँ!" मॉरिस ने कहा, "वही लिटिल ग्रीन राइडिंग हूड वाली! क्या तुम्हें पसंद आई?"

"वो एक अच्छी कहानी थी।" हर्बर्ट ने आह भरी।

"मुझे लोमड़ियों की कहानियाँ पसंद हैं।" फिर हर्बर्ट ने जम्हाई ली। वह थका हुआ था।



जब हर्बर्ट के माता-पिता घर आए तो वह सो रहा था।

उन्होंने कहा, "तुमने एक अच्छी आया का काम किया है। क्या तुम फिर से बच्चों की आया का काम करोगे?"

मॉरिस ने कहा, "ज़रूर!

मैं हर्बर्ट को सुनाने के लिए बहुत सारी कहानियाँ जानता हूँ।

मैं उसे चार छोटे सूअरों, जैक और बिल, प्रिटी डकलिंग, जैक और कॉर्न-स्टॉक के बारे में बताऊँगा!" माता-पिता हँसे और हाथ हिलाकर उसे अलविदा कहा। मॉरिस ने कहा, "अब मुझे लगता है कि मैं सो जाऊँगा!"





वह एक पेड़ के नीचे लेट गया। अपनी आँखें बंद करने से ठीक पहले उसने कहा, "आइए देखें- क्या वह कहानी चार छोटे सूअरों के बारे में थी या पाँच के बारे में?"

मॉरिस एक हिरन है लेकिन वह एक चरवाहा बनना चाहता है। इसलिए वह चरवाहे के कपड़े पहनता है और एक बड़े सफेद घोड़े की सवारी करता है। लेकिन फिर वह घोड़े को अपनी सवारी करने देता है! फिर वह एक पुलिसकर्मी... और एक आया बनने की कोशिश करता है। शायद मॉरिस को हिरन ही बने रहना चाहिए था!

